आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 22.09.2025 समय : 02.10 pm

**आयुर्वेद दिवस**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आज आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि का पूजन कर प्रदेशवासियों की आरोग्यता एवं स्वास्थ्य की कामना की है। मुख्यमंत्री आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, में "10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस" कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर आयुष वेलनेस टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए आयुष विभाग और पर्यटन विभाग के बीच एम.ओ.यू. होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आयुष जनस्वास्थ्य कार्यक्रम का 55 जिलों में विस्तार, कैंसर रोगियों के लिए "कारुण्य" कार्यक्रम, और औषधीय पौधों के लिए हेल्पलाइन भी शुरू करेंगे। साथ ही 'मध्य हर्बल दर्पण' पत्रिका और जन आरोग्य समिति की नियमावली का विमोचन करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार करेंगे।

**अमित शाह स्टार्टअप**

गृह मंत्री अमित शाह ने आज गांधीनगर के महात्मा मंदिर में स्टार्टअप सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया। राज्य शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में एक हजार से अधिक स्टार्टअप, पांच हजार इनोवेटर्स, एक सौ उद्योग सलाहकार, 50 से ज़्यादा वेंचर फंड और अग्रणी नीति निर्माता शामिल होंगे। इसमें 20 राज्यों के 170 से ज़्यादा स्टार्टअप होंगे जिनमें स्टार्टअप इंडिया, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचारों द्वारा चुने गए स्टार्टअप शामिल हैं।

**आयुष्मान भारत**

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के आज 7 साल पूरे हो गए। यह योजना 2018 में शुरू हुई थी। योजना के तहत अब तक 55 करोड़ से ज़्यादा लोगों को फायदा मिला है। हर परिवार को साल में 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मिलता है। इससे देशभर में कैशलेस इलाज संभव हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की कुंजी है।

**सेवा पर्व**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज हम चर्चा करेंगे कि मोदी सरकार ने किस तरह कल्याणकारी उपायों, सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय समावेशन के माध्यम से अनौपचारिक क्षेत्र को मज़बूत किया है।

**कृमि मुक्ति दिवस**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आज प्रदेश भर में 1 से 19 साल के बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में कृमिनाशक एल्बेंडाजोल गोली खिलाई जाएगी। इसके साथ ही 20 से 49 साल तक की ऐसी महिलाएं, जो गर्भवती या धात्री नहीं हैं, उन्हें भी यह दवा दी जाएगी। भोपाल में करीब साढ़े 9 लाख बच्चों को यह गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।
- जबलपुर में 'बचत जीएसटी उत्सव' मनाया गया। महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- खण्डवा जिले में सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

..............................